(b) and (c). The successive five year plans of India have accorded a high priority to the programme of development of Small Scale Industries. It is also proposed that during the Fourth Plan the relationship between ancillary small units and the large units should be increasingly strengthened so that more small units can be set up as ancillaries.

दिल्ली से लखनऊ के बीच सीधी गाड़ी सेवा

2890. श्री ओम प्रकाश त्यागी : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि यातायात की दृष्टि से दिल्ली-मुरादाबाद-लखनऊ रेलवे लाइन बहुत महत्वपूर्ण है;

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली से लखनऊ के बीच प्रातःकाल कोई सीधी गाड़ी न होने के कारण यात्रियों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार प्रातः काल दिल्ली से लखनऊ के बीच एक एक्सप्रेस गाड़ी आरम्भ करने का है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) दिल्ली और लखनऊ के बीच दिन में एक अतिरिक्त गाड़ी चलाने के लिए कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(ग) और (घ). इस समय दिल्ली और लखनऊ के बीच एक अतिरिक्त गाड़ी चलाना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि रास्ते के मुरादाबाद-बरेली और लखनऊ-उन्नाव खण्डों पर अत्यधिक यातायात के कारण अतिरिक्त लाइन-क्षमता उपलब्ध नहीं, है लखनऊ में टर्मिनल सुविधाओं का अभाव है और अतिरिक्त सवारी डिब्बों की कमी है। जब और जैसे ही अतिरिक्त साधन उपलब्ध होंगे, दिल्ली और लखनऊ के बीच एक अतिरिक्त गाड़ी चलाने के प्रश्न पर यथावत विचार किया जायेगा।

रेल गाड़ियों में कंडक्टर गार्ड के लिये बैठने का स्थान

2891. श्री ओम प्रकाश त्यागी : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि रेल गाड़ियों के प्रथम श्रेणी के डिब्बों में तैनात कन्डक्टर गार्ड के बैठने का कोई स्थान निश्चित न होने के कारण यात्रियों को छोटे स्टेशनों पर उस से सम्पर्क स्थापित करने में बड़ी कठिनाई होती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उसके लिये रेल डिब्बों के मध्य में अथवा डिब्बों के प्रवेश द्वार पर एक स्थान आरक्षित करने का है, ताकि यात्री उसके साथ सुगमता से सम्पर्क स्थापित कर सकें; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) इस बात की हिदायत है कि गाड़ी के गार्ड के साथ कन्डक्टर गार्ड के लिए भी ब्रेकयान में बैठने की जगह की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अलावा कन्डक्टर गार्ड को चाहिए कि वह बाजू पर स्पष्ट दिखायी देने वाली एक पट्टी लगाये और जब गाड़ी स्टेशनों पर खड़ी हो तब प्लेटफार्म पर घूमता रहे, ताकि वह सभी दर्जों के यात्रियों की सहायता कर सके।

उपर्युक्त व्यवस्था को देखते हुए, छोटे स्टेशनों पर यात्रियों को कन्डक्टर गार्ड से सम्पर्क स्थापित करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता।

रुई के मूल्यों में वृद्धि की मांग

2892. श्री देव राव पाटिल : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नियंत्रित मूल्य वाले कपड़े के मूल्यों में वृद्धि कर दी है, किन्तु रुई